## खबर संक्षेप

### स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद चंदर मरावी को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**भुआबिछिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर मण्डला में विगत दिनों पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र शाला में अध्यनरत रहे विद्यार्थी चंदर मरावी जिसकी मृत्यु छोटे डोंगर छत्तीसगढ़ में 2007 में एक नक्सली मुठभेड़ में हो गई थी उसकी स्मृति में प्रतिवर्ष अध्यापन की हुई शाला में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शाहिद आरक्षक चंदर मरावी का शिक्षा प्राप्त स्कूल रामनगर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर शाला के प्राचार्य अध्यापक विद्यार्थी एवं उनके साथी सुबेलाल मरावी के द्वारा उन्हें विनम्रता पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### महाविद्यालय मण्डला में प्रवेष परीक्षा दिनांक 5 नवम्बर को

**मण्डला।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आर्टीफिषियल इंटेलीजेंस एवं आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस फाईनेशियल टेक्नॉलाजी नामक दो सर्टीफिकेट कोर्स प्रारंभ किये जा रहे है। यह पाठ्यक्रम आई.आई.टी दिल्ली के द्वारा ऑन लाईन चलाये जायेंगे। इन सर्टीफिकेट कोर्स के लिए जिन विद्यार्थियों ने आवेदन किया है वे सभी दिनांक 05 नवम्बर 2024 को सुबह 10.00 बजे महाविद्यालय में उपस्थित होकर आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा में सम्मिलित हो। इस परीक्षा में सम्मिलित ना हो पाने वाले विद्यार्थियों को उक्त सर्टीफिकेट कोर्स में प्रवेष नही मिल पायेगा।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मण्डला।** स्व. श्री सौरभ गुप्ता की स्मृति में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा इण्डोर स्टेडियम मण्डला में 18 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ की गई जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन 22 अक्टूबर 2024 को हुआ। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग में आयोजित की गई। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री आलोक खरया उपाध्यक्ष म.प्र. बैडमिंटन संघ उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रविंद्र ठाकुर खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने की। इस अवसर पर चंद्रेष खरे उपसचिव म.प्र. बैडमिंटन संघ, अरविंद पटले, शषांक मिश्रा, अफसार खान, मोहन ठाकुर, पुरूषोत्तम नेताम, उमेष नंदा, सुमन सोयाम एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने जन आरोग्यम शिविर सर्रा पिपरिया का किया निरीक्षण

# अ से अक्षर अभियान से जुड़कर बने साक्षर

*** हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ और हुआ स्वास्थ्य परीक्षण।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को विकासखंड नैनपुर के ग्राम पंचायत सर्रा पिपरिया में आयोजित आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग और आयुष विभाग के द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। आयोजित शिविर में पहुँचे नागरिकों से उनके स्वास्थ्य और शासन की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने शिविर में पहुँची श्रीमती कमला बाई से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्रीमती कमला बाई ने बताया कि उनकी आँखों में धुंधला दिखाई देता है, इसके कारण उसे देखने में बहुत परेशानी होती है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को निर्देशित किया कि श्रीमती कमला बाई के आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन करें। उन्होंने श्रीमती कमला बाई को उनके घर से ऑपरेशन शिविर तक वाहन के माध्यम से निःशुल्क ले जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा इसके बाद शिविर में पहुंची श्रीमती सोमता बाई से उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाली राशन के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती सोमता बाई ने बताया कि उसे नियमित रूप से राशन मिल रहा है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि राशन उपभोक्ता नियमित रूप से प्रतिमाह उचित मूल्य की दुकान से राशन का उठाव करें। जिससे उन्हें उनकी पात्रतानुसार राशन उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि उचित मूल्य की दुकान से राशन का उठाव समय पर नहीं करने पर राशन लेप्स हो जाएगा।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिविर में पहुंचे प्रत्येक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार करते हुए निःशुल्क दवाईयाँ वितरण करने के निर्देश दिए। आयोजित शिविर में व्यक्तियों का पंजीयन कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड सिकलसेल की जांच, गर्भवती महिलाओं की जांच तथा बच्चों का टीकाकरण किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जन आरोग्यम शिविर का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। जिससे सभी नागरिक इस शिविर का लाभ उठा सकें। शिविर में पहुंचे नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजित जन आरोग्यम शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने नागरिकों से चर्चा करते हुए शिविर में होने वाली जांच के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस शिविर में अधिक से अधिक नागरिक आकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य जांच का लाभ जरूर उठाएं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि मंडला जिले को संपूर्ण रूप से साक्षर बनाने के लिए अ से अक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत सभी अशिक्षित नागरिकों को साक्षर किया जाएगा। जिससे वे अपने दैनिक जीवन में अंगूठे के स्थान पर हस्ताक्षर कर सकें। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को निर्देशित किया कि इस अभियान में जुड़ें और संपूर्ण रूप से साक्षर बनें। इस अवसर पर एसडीएम नैनपुर श्री हुनेन्द्र घोरमारे सहित जिला, जनपद एवं स्थानीय स्तर के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## कृषि उपज मंडी समिति बिछिया की कार्यवाही बनाये दो प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

उपरोक्त संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार संभागीय संयुक्त संचालक महोदय जबलपुर एच आर लारिया द्वारा मंडी क्षेत्र में सघन निरीक्षण हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मण्डला के कर्मचारियों द्वारा मंडी क्षेत्र से बिना मंडी शुल्क चुकाए परिवहन करने वाले वाहनों की जांच लगातार की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22/10/2024 को प्रभारी मंडी सचिव कन्हैया लाल मरकाम के मार्गदर्शन में मंडी उड़नदस्ता दल बिछिया के कर्मचारी आकाश ठाकुर सहायक उप निरीक्षक, बृजकिशोर नामदेव सहायक उपनिरीक्षक एवं कन्हैया पटेल सहायक उप निरीक्षक के द्वारा वाहन क्रमांक एम.पी. 33 एच 3206 में बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से परिवहित कृषि उपज मूँगफली दाना कुल 280क्विटल का फर्म श्री साईं ट्रेडर्स निवाड़ी प्रोप्राइटर नीरज गुप्ता के द्वारा मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन करते पाए जाने पर वाहन को जब्त कर मंडी प्रांगण में लाकर खड़ा किया गयाम। जिसमे व्यापारी प्रतिनिधि द्वारा अगले दिन अपनी गलती मानकर समझौता हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत दाण्डिक मंडी शुल्क पांच गुना राशी रुपए 96400/- रुपये तथा समझौता शुल्क राशि रुपए 5000/- तथा निराश्रित शुल्क राशि रुपये 19280/- रुपये इस प्रकार कुल राशि रुपए 120680/- रुपये की वसूली कर प्रकरण को समाप्त किया गया।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने माध्यमिक शाला सर्रा पिपरिया में अध्यापन कार्य कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को शासकीय माध्यमिक शाला सर्रा पिपरिया में कक्षा आठवी के विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराया। उन्होंने कक्षा के छात्र-छात्राओं से संस्कृत विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। जिसका छात्र-छात्राओं ने संतोषजनक उत्तर दिये। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से अध्यापन कार्य, कक्षा कार्य, गृह कार्य करने को कहा। जिससे छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्तर उत्कृष्ट हो सके। उन्होंने बताया कि अपने जीवन को सफल बनाने के लिए ज्ञानार्जन जरूरी है। इससे हम बेहतर नागरिक बनते हैं और हमारा जीवन सफल हो



जाता है। इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करना बहुत जरूरी है। उन्होंने विषय-वस्तु का नियमित रूप से अभ्यास करने को कहा। जिससे हम विषय को सरलता से समझ सकें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से अध्यापन कार्य, श्यामपट कार्य, कक्षा कार्य और गृह कार्य करने के लिए प्रेरित करें। जिससे छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने कक्षा में कमजोर छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से संपर्क करने के निर्देश दिए। जिससे अभिभावक भी अपने घरों में उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्तर सुधारने के लिए नियमित रूप से कक्षाएं लेने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम नैनपुर श्री हुनेन्द्र घोरमारे सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के लिए आवेदन करें

**मण्डला।** प्रबंधक खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत मंडला ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिले में स्वरोजगार स्थापित करने हेतु 28 हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रोजगारन्मुखी व्यवसायों जैसे मधुमक्खी पालन, शहद प्रसंस्करण, सिलाई, रेडीमेट गारमेंट, बेकरी, फूड प्रोसेसिंग, कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, प्लम्बर, दोना पत्तल, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर मरम्मत, ट्रेक्टर रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, ढ़ाबा, रेस्टोरेंट, राईस मिल, फोटोकॉपी, कम्प्यूटर ऑनलाईन सर्विस, आटा चक्की, तेल मिल, टेंट हाउस, फर्नीचर निर्माण एवं रिपेयरिंग/निर्माण कार्य से संबंधित आदि ट्रेडों में ऑनलाईन आवेदन पत्र भरकर स्वयं का व्यवसाय करने आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत मंडला में संपर्क किया जा सकता है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास निवास में आत्मरक्षा का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास

मण्डला जिले की निवास विकासखंड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की छात्राएं विद्यालय में अध्यापन करने वाली सभी छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा का सह प्रशिक्षण कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास निवास में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जिसमें मास्टर ट्रेनर झाम सिंह टेकाम ब्लैक बेल्ट (टाई स्क्वाड) द्वारा दिया जा रहा है।जो तीन माह तक लगातार एक सितंबर से 30 नवंबर माह 2024 तक लगातार संचालित किया जाएगा जिसमें छात्रावास की सभी छात्राएं आत्मरक्षा करने के लिए प्रशिक्षण ले रही हैं,ताकि खुद को सुरक्षित महसूस किया जा सके। आत्मरक्षा प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार के जूडो कराटे, मार्शल आर्ट, पंच ब्लॉकिंग, हेड मूवमेंट, किक आदि के उपयोगी तरीके सिखाए जा रहे हैं। जिस प्रकार जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग, प्राणायाम, योग, ध्यान की जरूरत होती है ठीक उसी तरह आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे के तरीके सीखना भी बहुत जरूरी है। इस कार्यकम में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती पुनीत कमल मरावी की उपस्थिति में संचालित किया जा रहा हैं।

### स्टेडिंग कमेटी की बैठक व प्रेसवार्ता 29 अक्टूबर को.................................

**मण्डला।** अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सभी मतदान केन्द्रों में 29 अक्टूबर को नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में 29 अक्टूबर 2024 को सायंकाल 4 बजे जिला योजना भवन के सभाकक्ष में स्टेंडिग कमेटी की बैठक सह प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। बैठक सह प्रेस वार्ता में जिले के प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अधिमान्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## जागरूकता | मण्डला पुलिस का नवाचार ट्रेफिक सूबेदार ने बनाया रोबोट डॉल।

# गुड़ टच व बैड़ टच के लिए जागरूकता अभियान

*** स्कूली बच्चों को रोबोट द्वारा प्रशिक्षण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

रोबोट सिखा रही गुड टच बैड टच, बच्चों को सिखाने का नायाब तरीक़ा प्रदेश स्तर पर शासन के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस व मण्डला पुलिस द्वारा लगातार महिलाओं व बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक व संवेदनशील बनाने हेतु अभियान चला रहीं हैं। मण्डला पुलिस टीम द्वारा विभिन्न अभियानों के माध्यम से बच्चों, छात्र छात्राओं के गुड़ टच व बैड टच के प्रति जागरूक करा रही हैं। इसी कड़ी में मंडला पुलिस के ट्रेफिक सुबेदार योगेश राजपुत द्वारा गुड़ टच बैड टच जैसी बातों को और भी सरलता से समझाने हेतु न्यूनतम संसाधनों से एक रोबोट डॉल का निर्माण किया गया हैं। जो बच्चों को गुड टच



बैठक के बारे में सिखलाई देती है। बच्चे ख़ुद डॉल को छूते हैं जिससे डॉल उन्हें बताती है कि यह गुड टच है या बैड टच है। इस अनूठे प्रयोग से योगेश राजपूत द्वारा स्कूली में जाकर उन्हें महिला व बच्चों संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करा रहें है वहीं रोबोट के माध्यम से बच्चें सरलता से डॉल के माध्यम से गुड टच बैड टच सीख रहे हैं, बच्चों में डॉल के प्रति भारी उत्साह है। शिक्षक भी इस प्रयोग की काफ़ी सराहना कर रहे हैं, शिक्षकों का कहना है कि ऐसे प्रयोगों से बच्चे बहुत आसानी से सीखते हैं और सिखलायी जाने वाली बातों को को लंबे समय तक याद रखते हैं।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन पर सम्पूर्ण ज़िले में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिससे मण्डला पुलिस का अनूठा प्रयोग सफल हो रहा है। ग़ौरतलब है कि मध्य प्रदेश में बालक बालिकाओं एवं महिला सुरक्षा के संबंध में अभियान चलाए जा रहे हैं, ऐसे में यह रोबोट डॉल अभियान को सफल बनाने में काफ़ी सहायक सिद्ध हो रही है। उल्लेखनीय है कि उक्त जागरूकता रोबोट ट्रेफिक सुबेदार योगेश राजपुत के द्वारा न्यूनतम संसाधनों में स्वयं के तकनीकी ज्ञान के आधार पर निर्मित किया गया है।

## एकीकृत नवीन हाईस्कूल महाराजपुर मे साइकिल वितरण समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

एकीकृत शासकीय नवीन हाई स्कूल महाराजपुर में आज, 23 अक्टूबर 2024 को, एक महत्वपूर्ण साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दादा धनीराम वार्ड की पार्षद श्रीमती पूर्णिमा धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि हनुमान जी वार्ड की पार्षद श्रीमती प्रीति राय ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्मानित किया।

समारोह में कक्षा छठवीं और कक्षा 9वीं के पात्र छात्रों को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। इस कार्यक्रम में बच्चों के पालकों की भी अच्छी खासी उपस्थिति रही, जो इस अवसर को विशेष बना गई। प्राचार्य मनीष दुबे ने कार्यक्रम की शुरुआत की और छात्रों के प्रति अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि यह पहल छात्रों की शिक्षा में सहायता प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें परिवहन की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए की गई है।

प्रधान पाठक असीम देशमुख ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि यह साइकिलें छात्रों को न केवल स्कूल आने-जाने में मदद करेंगी, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी बनाएंगी।

समारोह के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखा गया। साइकिलें मिलने से छात्रों में आत्मविश्वास और खुशी का संचार हुआ। इस आयोजन में स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

साईकिल वितरण के दौरान पार्षद श्रीमती पूर्णिमा धुर्वे, पार्षद श्रीमती प्रीति राय ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की हैं।

इस प्रकार, आज का कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे विद्यालय के लिए एक यादगार पल साबित हुआ, जो आगे भी शिक्षा और विकास की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगा।

**खबर संक्षेप**

## पुलिस के लिए नो एन्ट्री बनी मजाक..., भारी वाहन धडल्ले से नगर में कर रहे है प्रवेश?



**गाडरवारा।** महँगी कारों मे घूमने प्रशासनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि यहाँ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जनसुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिन रात धमाचौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है? शहर की मुख्य सडकों पर धडल्लें से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भर होता चला जा रहा है? समूचें शहर मे ट्रकों का कोलाहल, तेज ध्वनियॉ गूँजने से शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और भारी भरकम ट्रकों का नो एंट्री टाइम निश्चित होने के बाद भी उनका नगर में प्रवेश करना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे कर रहा है? ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पहले नगर में पदस्थ रही तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रंजना पाटने द्वारा नगरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुये सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध करते हुये स्थाई नो एन्ट्री लागू करने का आदेश पारित करते हुये उसे सुचारू कर दिया गया था जिसके चलते नगर के प्रवेश द्वारा पर नो एन्ट्री संबंधी वोर्ड भी लगे हुये है, जिसके चलते लोगों का कहना है कि जब जब नगर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर नो एन्ट्री लागू करते हुए नगर में प्रवेश करने वाले स्थलों पर वोर्ड स्थापित करते हुए समय निश्चित कर दिया गया है। मगर इसके बाद भी नगर धडल्ले से भारी वाहनों का प्रवेश होना पुलिस प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण है? क्योकि भारी ट्रको की नगर की सड़कों पर आवाजाही से वे अभिभावक चिंतित प्रतीत हो रहे है, जिनके बच्चे शालाओं मे पढ़ने के लिए जा रहे है, अभिभावकों के अनुसार भीषण महँगाई के दौर मे बच्चों को शिक्षा दिलाने मे वैसे ही उन्हे अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है, ऊपर से शहर की सड़को पर बेलगाम दौड़ते भारी वाहनों ने हर अभिभावक को मानसिक तौर से परेशान कर दिया है, वही चिंता में डूबे रहते है तब तक उनका बच्चा स्कूल से सकुशल घर वापिस नही आ जाता उन्हें इतनी उलझन रहती है जिसें शब्दों मे व्यक्त करना असम्भव है, इस संबंध में नगरवासियों का का कहना है कि यह स्वाभाविक है बात है कि यहां चलते वाली फैक्ट्रियों व नगर में व्यापार के चलते भारी ट्रकों का इस्तेमाल होना आम बात है परन्तु यह भी देखना जरूरी है कि कही इनका नो एन्ट्री समय में प्रवेश तो नही हो रहा है? मगर प्रशासन द्वारा नगर में लागू की गई नो एन्ट्री की ओर ध्यान ही नही दिया जा रहा है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा बना हुआ है।

# प्रदेश स्तरीय माने जाने वाले मार्ग क्रमांक 44 पर सांईखेड़ा व कौड़िया के अंदर आये दिन बन रही जाम की स्थिति









**गाडरवारा**

इस समय देखा जा रहा है कि संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमाचौकड़ी मची रही है, वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की धमाचौकडी से ग्राम के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रदेश स्तरीय माने जाने वाले मार्ग क्रमांक 44 जो गाडरवारा से झिकोली होते हुये प्रदेश की राजधानी के ओर जाता है, इस मार्ग पर लगातार बिगड़ रही यातायात के चलते लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर तो होना ही पड़ रही है। वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से भी नही चूक पा रही है? इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय दादा धूनी वालों की नगर सांईखेड़ा में तो स्थिति इस प्रकार से बन चुकी है कि सांईखेड़ा के अंदर से निकल रहे भारी भरकम वाहन जहां खुलेआम आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने के साथ साथ ग्राम के लोगों को परेशानी का कारण बने हुये है। बताया जाता है कि प्रदेश स्तर के माने जाने वाला यह मार्ग नगर के अंदर से निकला हुआ है, जिसके चलते नगर के अनेक प्रभाव शाली लोगों के बड़े बडे वाहन मुख्य सड़क किनारे खड़े रहने की स्थिति में नगर के अंदर आये दिन जाम की स्थिति पैदा होने के कारण जहां लोगों को अपने वाहन निकलने में घंटों लग जाते है। इस स्थिति में यदि कोई इस जाम में मरीज फस जावे तो उसका भगवान ही मालिक होता है...? इतना ही नही जब यहां पर साप्ताहिक बाजार का दिन होता है उस दिन की स्थिति और भगवान रूप लेने से नही चूकती है। इस सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा लगातार आवाज उठाये जाने के बाद भी तो प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसके चलते आये दिन स्थिति में सुधार होने की जगह बिगड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे खड़े होने वाली वाहनों की सच्चाई को लेकर भी पुलिस द्वारा नजर अंदाज किया जाना निश्चित ही पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़े करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम कौड़िया में भी देखने मिल रही है। ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राष्ट्रीय स्तर का सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिनि वाहनों को दवाब होने से दिन भर इस मार्ग पर वेखौप दौडते वाहनो से पूर्व में अनेक छोटी बड़ी घटनाएं घटित हो चुकी है, मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसके चलते लोगों द्वारा जहां अपने घरों के सामने वाहन खड़े कर दिया जाता है या फिर निर्माण सामग्री ही सड़क किनारे रख दी जाती है, जिसके चलते ग्राम के अंदर आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणमा है कि सड़क किनारे वाहना खड़े करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते हुये दिखाई दे रहे है। वही दूसरी ओर ग्राम के अंदर संचालित होने वाले चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है। बाकी कसर आटो अन्य वाहन वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है, जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है? ग्राम के बीचों बीच से निकले इन मुख्य मार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है। वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी, मगर इस ओर अभी तक किसी भी प्रकार से ध्यान नही देना निश्चित ही लगता है कि शायद प्रशासन से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा सांईखेड़ा व कौड़यि में किसी बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा है?

# पंचायतों की तरह नगरीय निकायों में भी पतिराज पर प्रतिबंध लगने से ही महिला सशक्तिकरण को मिल पायेगी सफलता..







**गाडरवारा।** हर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे पतिराज के बोला बाला के चलते न तो सरकार द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण को सफलता मिल पा रही है और नही ही संविधान द्वारा महिलाओं के लिये प्रदान किया गया आरक्षण सफल हो पा रहा है। क्योंकि हमारे देश के संविधान में हर चुनाव के दौरान महिलाओं को आरक्षण देते हुये उनकी सीटे निर्धारित की जाती है जिन पर महिलाये चुनाव तो लड़कर प्रतिनिधित्व करने के लिये आती है। मगर देखा जाता है कि उनके पतियों के आगे शायद महिलाओं की नही चल पाने के कारण वह पूर्व की तरह मात्र चूल्हा चौका तक सीमित हो जाती है और उनके अधिकारों पर पतिराज अतिक्रमण करते हुये सरकारी कार्यालयों में अपना रौब झाड़ने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई वर्तमान समय में स्थानीय नगर पालिका से लेकर क्षेत्र की सालीचौका, सांईखेड़ा व चीचली नगर परिषदों में भी देखने मिल रही है जहां पर अनेक महिला पार्षदों द्वारा तो नगर पालिका में हुये अध्यक्ष के चुनाव के बाद शायद ही नगर पालिका का रूख किया गया हो...? मगर उनके पतिदेव शायद ही ऐसा कोई दिन शेष रहता हो जब नगर पालिका कार्यालय में अपना रौब झाड़ने से चूक रहे हो? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पतिराज का बोलबाला यहां तक पहुंच चुका है कि वार्डो से लेकर सरकारी कार्यालयों में इन नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का जब सम्मान किया जा रहा होता है तो वहां पर भी अपनी पत्नियों के नाम का सम्मान पतियों द्वारा झेलने में देर नही की जाती है? इस तरह पतिराज हाबी होने की स्थिति में निश्चित तौर से सरकार द्वारा महिला सशक्ति करण के लिये किये जा रहे प्रयासों में पर ग्रहण लगने से नही चूक रहा है? इसी के चलते म.प्र. शासन द्वारा त्रिस्तीय पंचायती राज में पंच, सरपंच सहित जनपद व जिला पंचायत में आयोजित होने वाली बैठकों से लेकर अन्य कार्यक्रमों में पतियो तथा उनके परिजनों के शामिल होने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है। मगर नगरीय निकायों में इस तरह का आदेश लागू नही होने के कारण यहां पर आज भी पतिराज का बोलबाला होने के चलते पतिदेव बैठक से लेकर अन्य कार्यो में पहुंचकर अपना रौब झाड़ने से नही चूक रहे है? इस तरह नगरीय निकायों में पतिराज के हाबी होने की बात को लेकर बीते हुये कुछ साल पहले प्रदेश की राजधानी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कल्याण संघ द्वारा आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास के नाम एक आवेदन देते हुये इस बात की गुहार लगाई गई थी कि नगरीय निकाय की बैठकों व कार्ययालीन कार्यवाहियों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि/महापौर/अध्यक्ष/पार्षद के पतियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया जावे। क्योंकि म.प्र. में नगरीय निकायों को सशक्त बनाने और नगरीय निकायों में महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व प्रदान किये जाने के उद्वेश्य से नगर निगम/नगर पालिका व नगर परिषदों में प्रत्येक स्तर पर महिलाओं के लिये 50 प्रतिशत पद आरक्षित किये गये है। वही महिला जनप्रतिनिधियों में सशक्तिकरण की भावना का विकास व शहरी विकास में उनकी भूमिका को मजबूत बनाने हेतु आवश्यक है कि प्रत्येक महिला जनप्रतिनिधि अपने पदीय दायित्वों का सक्रिय निर्वाहन कर तथा निकाय की बैठकों व कार्यालयीन कार्यवाहियों में स्वयं भागीदारी करे। मगर आमतौर पर यह देखने में आता है कि महिला जनप्रतिनिधियो के स्थान पर उनके पति, प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित रहे है साथ ही समान्तर रूप से प्रशासनिक व्यवस्था में अनाधिकृत हस्तक्षेप करते हुये नजर आने से नही चूकते है..? जबकि म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 व म.प्र. नगर निगम अधिनियम 1958 में प्रतिनिधि संबंधी कोई प्रावधान उल्लेखित नही है। जबकि देखा जावे तो इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा परिपत्र जारी करते हुये पतिराज पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वही दूसरी ओर कुछ इसी प्रकार से जिला कलेक्टर अशोक नगर द्वारा भी बीते हुये 16 सितंबर 2022 को अपना एक आदेश जारी करते हुये नगरीय निकायो के अधिकारियों को पत्र जारी करते हुये पति व परिवार राज पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब प्रदेश के अशोक नगर जिले में यह आदेश जारी हुये दो साल का समय बीत चुका है तो फिर हमारे जिले में देर किस बात की...? आमजन द्वारा मांग की जा रही है कि म1प्र. शासन को महिला सशक्तिकरण को सफल बनाने के लिये इस तरह पति व परिवार राज को समाप्त करने के लिये संपूर्ण प्रदेश में आदेश जारी करना चाहिये।

## ओशो की धरा में सन्यासियों मे उठाया आनंद, ध्यान के साथ अनेक गतिविधियों का आयोजन





**गाडरवारा**

विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु आचार्य रजनीश ओशो की धरा गाडरवारा में देश विदेश के ओशो सन्यासियों का आवागमन बना रहता है । यह सन्याशी ओशो की धरा पर आकर अपने जीवन को सफल मानते हुये आनंद की अनुभूति प्राप्त कर आश्रम में ध्यान विधि कर ओशो में लीन हो जाते हैं । विगत दिवस नेपाल देश सहित बिहार हिमाचल प्रांत के अनेक ओशो सन्यासियों का ओशो लीला आश्रम में दो दिवसीय प्रवास हुआ। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने ओशो की ध्यान विधियो का रसपान कर भरपूर आनंद उठाया इसके साथ ही ओशो की क्रीड़ा स्थली का भ्रमण करते हुए ओशो से जुड़ी हुई पुरानी यादों को ताजा किया । नगर के गंज स्कूल जहां ओशो ने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की थी। वहा हाथी पहुंचकर गेट सहित स्कूल की कक्षाओं को निहारा ओर बच्चों को सामग्री वितरण करते हुये प्रसन्नता जाहिर की गई। इसी प्रकार से नगर के आदर्श स्कूल जहा पर ओशो ने मिडिल से लेकर उच्चतर शिक्षा ग्रहण की उन संरक्षित ओशो कक्षों के दर्शन कर कुछ पल वहा बिताकर ओशो की उपस्थिति का अनुभव किया । वही नगर के सार्वजनिक पुस्तकालय में काफी समय रुककर ओशो की हस्ताक्षर की हुई किताबें एवं ओशो के साहित्य को देखकर ओशो के सन्यासी भाव विभोर हो गए । सत्य साहब की बावली जहा ओशो किशोर अवस्था में झरना में स्नान करने जाते थे एवं प्रभु निवास ओशो जहा रहते थे अध्ययन करते थे उस कक्ष मे पुराना ट्रांजिस्टर रेडियो सहित अन्य सामग्री रखी हुई है उनके भी दर्शन किए। इसके आलवा शक्कर नदी का रामघाट जहा पर ओशो क्रीड़ा लीला व ध्यान किया करते थे तथा ओशो लीला आश्रम में स्थित संबोधि स्थल जहा ओशो को 14 वर्ष की बाल अवस्था में मृत्यु का बोध हुआ ओर प्रथम संबोधि घटित हुई इन सभी स्थानो का ओशो के संन्यासियों ने साक्षी भाव के साथ दर्शन कर कृतज्ञता जाहिर की । नगर के ओशो सन्यासी स्वामी राजेश नीरस ने बाहर से आए हुए सभी संन्यासियों को नगर का भ्रमण कराया और ओशो से संबंधित सभी जानकारियां दी गई। वही बिहार प्रांत से आए हुए ओशो के सन्यासी स्वामी आनंद बैरागी ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि हम तो ओशो की ध्यान विधि को आत्मसात करते हुए आनंद मय जीवन जीते हुए ओशो की देशना को फैलाने का काम कर रहे हैं । हम अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि हमें ओशो की तपोभूमि में आने का अवसर मिलता रहता है ।

## चीचली मार्ग पर रेल्वे गेट के दोनों ओर बने गड्डों से वाहन चालको का निकलना हो रहा मुश्किल



**गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़के जिस तरह दुर्दशा का शिकार होते हुये देखी जा रही है यह सच्चाई तो शायद ही किसी से छिपी हो? मगर नगर के अंदर ही जब सड़को का इस तरह का हाल बना हो तो निश्चित ही इस शहर का भगवान ही मालिक कहे जाने में कोई संकोच नही की जा सकती है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग के रेल्वे गेट के पास देखने मिल रही है जहां पर इस रेल्वे गेट के दोनों ओर बने हुये बड्डे गड्डो का हाल इस तरह से देखा जा रहा है कि इन गड्डो से वाहन चालकों को अपने वाहन निकालना तो मुश्किल हो ही रहा है दूसरी ओर दो पहिया चालक तो आये दिन यहां से निकलते समय गिरना आम बात हो चुकी है। हालत इस तरह के बने हुये है कि जब लोग इस मार्ग से पैदल निकलते है तो उन्हें भी इन्ही गड्डो में भरे हुये गंदें पानी से निकलने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इन गड्डो की सच्चाई शायद ही क्षेत्र के जिम्मेदारों के साथ साथ किसी अधिकारी से छिपी नही होगी। क्योंकि जहां प्रतिदिन यहां से अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। मगर इसके बाद भी इन गड्डो के सुधार को लेकर किसी भी अधिकारी के द्वारा कोई पहल न करना निश्चित तौर से अधिकारियों की उदासीनता का उदाहरण पेश करने से नही चूक रहा है।

## निवारी एवं चिरह कलां स्कूल में क्षेत्र के विधायक पटैल की मौजूदगी में किया गया साइकिल वितरण

**गाडरवारा।** समीपस्थ तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम निवारी एवं चिरहकला के शासकीय हाई स्कूलों में अलग अलग आयोजित हुये कार्यक्रमों में कक्षा 9 वी के विद्यार्थियों को म प्र शासन की साईकिल वितरण योजना के तहत निःशुल्क साईकिलों का वितरण क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल की विशेष मौजूदगी में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमो में निवारी के पात्र 29 एवं चिरहकला के 57 विद्यार्थियों को विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल के आलवा सांईखेड़ा जनपद अध्यक्ष छत्रपाल राजपूत, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल कौरव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक भार्गव, राव शैलेष सिंह, मनोज शर्मा, बसंत तिवारी, रामगोपाल गुर्जर, रजत कौरव, ठा तिलक सिंह सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में साईकिलों का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि साईकिलो के मिलने के बाद अब विद्यार्थियों को स्कूल आने जाने में आसानी होगी। प्रदेश सरकार ने बच्चों के प्रोत्साहन हेतु निशुल्क गणवेश, स्कूटी एवं लेपटॉप वितरण कर उल्लेखनीय कार्य किया है। सीएम राइज स्कूलों को शुरू करके बच्चों के भविष्य को संवारने का



कार्य भी सरकार कर रही है। वही ग्राम चिरहकला में कहा कि हाई स्कूल की दुरी गाँव सै अधिक है इसीलिए विभाग के अधिकारी गण चिरहकला के विद्यार्थियों को भी साईकिलें दिलाने हेतु पहल करें। कार्यक्रमो मे साईंखेड़ा जनपद अध्यक्ष छत्रपाल राजपूत ने कहा कि स्कूलों में दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए साईकिल वितरण अच्छा कार्य है क्योंकि साईकिल न होने से आवागमन में छात्र छात्राओं को असुविधा होती थी और वे पढ़ाई से वंचित हो जाते थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत बीईओ प्रतुल इंदुरख्या प्राचार्य विनय शंकर शर्मा, एन पी साहू सहित शिक्षकों ने किया।

## असुरक्षित स्टेशन पर बढ़ी समस्याएं, देर रात तक रहता है असामाजिक तत्वों का बोलबाला

**गाडरवारा**

आये दिन जिस प्रकार से रेल पुलिस द्वारा चोरों व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहरी आरोपियों को पकड़ते हुए जिस प्रकार से अखबरों की सुर्खियों में छाने का प्रयास किया जाता है मगर रेल पुलिस की इस सफलता पर प्रश्न चिन्ह उस समय देखने से नही बच पाता है जब नगर की रेल्वे स्टेशन पर फैली हुई अव्यवस्थाओं के बीच रेल यात्रियों को दहशत में देखा जाता है। ज्ञात हो कि यहां के रेल्वे स्टेशन से शहर सहित दो से अधिक विकासखंडों के दायरे में आने वाले लगभग 200 गांवों से से लेकर दूसरे यानि की रायसेन जिले के यात्री भी यही से रेल यात्रा करने के लिए पहुंचते है। इस प्रकार से सैंकड़ों यात्री प्रतिदिन अपने कारोबार के सिलसिले में जबलपुर सहित अन्य स्थानों में अपडाऊन करते हैं । बावजूद इसके रेल यात्रियों को स्टेशन पर बहुत कम सुविधाएँ मिलते हुए देखी जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इन रेल यात्रियों की सुरक्षा पूर्णरूप से भगवान भरोसे ही चल रही है। क्योंकि रेल्वे पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से ध्यान न देने की स्थिति में नगर के रेल्वे स्टेशन की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि रात के समय प्लेट फार्म पर खुलेआम आसामाजिक तत्वों को भ्रमण करते हुए देखा जाता है जो आये दिन रात के समय प्लेट फार्म पर बैठी हुई या फिर ट्रेनों का इंतजार करने वाले मुसाफिर खाने में सो रही महिलाओं के साथ अभद्रता करने से भी नही चूकते है। वही कभी कभी तो स्थिति इस प्रककार से भी देखी जाती है कि चंद मिनिटों के अंदर रेल यात्रियों का समान पार होने से भी नही चूकता है। इस प्रकार से रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे होने के कारण रेल यात्री लगातार दहशत में दिखाई दे रहे है। वही बताया जाता है कि अप और डाऊन प्लेटफार्मों की बाउन्ड्री बाल टूटने से स्टेशन पर असामाजिक तत्वों की कारगुजारियाँ के चलते रात के समय महिलाओं का यहां पर रूक पाना मुश्किल जान पड़ रहा है वे अपने आप को असुरक्षा का भी अहसास करते हुए देखी जा रही है। यदि रेल पुलिस की बात की जावे तो कभी काल ही यहां पर आन डियूटी पुलिस कर्मी नजर आते है? यह बात जरूर है कि रेल पुलिस कर्मी आन डियूटी के प्लेट लगाकर स्टेशन की जगह शहर की गलियों में जरूर नजर आते है, जिसके चलते रेल डियूटी चार्ट में तो रेलवे स्टेशन की सुरक्षा दिखाई देती है मगर हकीकत कुछ और ही बनी हुई है।









## खबर संक्षेप

### सर्प दंश पीडिता जिला चिकित्सालय में भर्ती

**डिण्डौरी** - मंगलवार को दोपहर 2 बजे सोयाबीन की फसल कटाई के दौरान एक युवती को जहरीले सांप ने काट लिया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया । अस्पताल चैकी पुलिस को सरिता देवी पिता तिलकू सिंह मार्को उम्र 22 साल निवासी बरांझ थाना करन पठार ने बतलाया कि फरैदा गांव में मजदूरी करने गई हुई थी और सोयाबीन की फसल कटाई के बाद बोझा लेने खेत में जा रही थी तभी उसके दाहिने पैर में सांप ने काट लिया जिसके बाद वह मजदूरी कर रहे अन्य मजदूर महिलाओं को आवाज देकर बुलाया और उन्हे घटना के संबंध में बतलाते हुए अपने माता पिता को फोन से सूचना दी । जिसके बाद मांता पिता ने उसे मोटर सायकल से लाकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है जहां उपचार जारी है।

### बाईक में महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल

**डिण्डौरी** - कोतवाली थाना अंतर्गत वायपास में रायसिटी के पास बाईक में पीछे बैठकर जा रही महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई । जिसे स्थानीय लोगो की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। निर्मला पति निरंजन नामदेव उम्र लगभग 27 साल निवासी वार्ड नं.15 पुरानी डिण्डौरी ने बतलाया कि वह मंगलवार रात लगभग 8 बजे नर्मदा डेमघाट में धर्मषाला में अपने पिता से मिलकर घर जा रही थी और मुख्य मार्ग पर आटो का इंतजार कर रही थी इसी दौरान मोटर सायकल में एक व्यक्ति आया और पूछा कि कहां जाना है तब उसने बतलाया कि पुरानी डिण्डौरी जाना है और वह आटो का इंतजार कर रही है। तब बाईक सवार ने कहा कि वह उसे पुरानी डिण्डौरी छोड देगा जिसके बाद महिला मोटर सायकल में उस व्यक्ति के साथ पीछे बैठ गई जिसके बाद मोटर सायकल चालक ने उसे बैठाकर वायपास रास्ते से ले जाने की बात कहकर उस ओर गाडी मोड़ दिया और वाहन दौडाने लगा । महिला ने आरोप लगाया है कि उसके विरोध करने पर उसने उसे मोटर सायकल से धक्का दे दिया जिससे महिला जमींन में गिर गई और सिर में गंभीर चोट लगने से बेहोष हो गई तब वहां मौके पर मौजूद लोगों ने मदद करते हुए उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया होष आने पर महिला ने अपने पति को फोन से सूचना देते हुए घटना के संबंध में बतलाया ।

### महिला के कब्जे से 12 पाव मदिरा जप्त

**डिण्डौरी**- कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किसलपुरी में एक महिला के कब्जे से 12 पाव अवैध देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम किसलपुरी में एक महिला अवैध रूप से शराब बिक्री की नियत से एक थैला में रखे हुये है। मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई जहां एक महिला अपने हाथ में एक थैला रखे हुये दिखी, जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। जिसके पास रखे थैला की तलाषी ली गई तो उसमे 12 पाव देशी प्लेन मदिरा कुल कीमती 720 रूपये की रखी हुयी थी। उक्त शराब रखने व विक्रय करने के सबंध में दस्तावेज चाहा गया लेकिन कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 34ए आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शासकीय भूमि में आम रास्ता पर अतिक्रमण करने का लगाया आरोप

**डिण्डौरी**- विकासखंड अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत साम्हर के ग्राम मोहगांव में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर आम रास्ता बंद कर देने का आरोप लगाते हुए ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर से शिकायत की गई है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि गांव के ही निवासी रेवा सिंह पिता संतोष सिंह एवं उनके परिवार के अन्य तीन लोगों के द्वारा शासकीय भूमि खसरा नंबर 243 रकबा 1.15 हेक्टेयर पर बने आम रास्ता को अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण कर लिए जाने की शिकायत दिनांक 8.7.2024 को उप तहसील कार्यालय अमरपुर एवं अनुविभागीय कार्यालय डिण्डौरी में दिया गया था। लगातार जनसुनवाई में भी आवेदन दे रहे हैं।

## महिला सुरक्षा पर भी सवाल

# बसों में नहीं हैं पैनिक बटन व व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस

परिवहन विभाग जिले में बसों पर कार्रवाई को लेकर सुस्त पड़ गई है। ऐसे में नियमों को ताक पर रखकर बसों का संचालन हो रहा है। बसों में यात्री खड़े होकर सफर कर रहे हैं। इसमें महिला, बुजुर्ग सभी शामिल हैं। वहीं महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी**

दरअसल यात्री बसों में अनिवार्य रूप से पैनिक बटन व वीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाना जरूरी है, लेकिन कई रूटों पर चलने वाली बसों में ये नजर नहीं आ रहे हैं। इसके कारण महिला सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नियम के अनुसार परिवहन विभाग इसके बिना फिटनेस जारी नहीं कर सकता है। इसके बावजूद भी जिले में धड़ल्ले से नियमों को दरकिनार कर बसें संचालित हो रही हैं। ऐसे में परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ रही है। जिले मे अधिकतर बसें ग्रामीण रूटों पर चलती हैं और इनमें पैनिक बटन व विकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस नहीं मिले। उल्लेखनीय है कि छेड़छाड़ की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने व्यवसायिक वाहन बस, कार, ऑटो में पैनिक बटन व जीपीएस लगाने के बाद वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए थे।

**फिटनेस के दौरान नियमों की पूर्ति-**

बसों को फिटनेस परमिट देने से पहले परिवहन विभाग कई जांच करता है। अगर बस मापदंडों पर खरी उतरती है तो ही परमिट दिया जाता है। हालांकि जिन नियमों को परिवहन विभाग ने लागू किया है वे वाहन के परिवहन कार्यालय में पहुंचने तक ही नजर आते हैं। परिवहन कार्यालय से बाहर के बाद कुछ दिनों तक बसों में सामान दिखता है। इसके बाद सभी नियम ताक पर रख दिए जाते हैं और नियमों का उल्लंघन शुरु हो जाता है। परिवहन विभाग नियमों की अनदेखी होने पर चालानी व जब्ती की कार्रवाई करता है, लेकिन शक्त कार्रवाई न होने से बस संचालक भी बेपरवाह हो जाते हैं।

**भोपाल कंट्रोल रूम पहुंचती है सूचना-**

महिला सुरक्षा को लेकर बनाए गए पैनिक बटन व विकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस के नियमों का पालन किया जाना अति आवश्यक है। बसों में सफर करने के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति या फिर अपराध की स्थिति में पैनिक बटन को दबाकर मदद ली जा सकती है। बटन दबाते ही मैसेज भोपाल स्थित कंट्रोल रूम पहुंचता है। जिसके बाद सूचना 100 डायल के पास पहुंचती है। बस की लोकेशन विकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस के माध्यम से लेने के बाद पुलिस पहुंचती है। वर्तमान में अधिकतर बसों में यह डिवाइस नहीं दिख रहा है। परिवहन विभाग भी नियमों का पालन कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है।

**इनका है कहना**

''पैनिक बटन स्थापित करने की कार्रवाई जारी है।इसके अलावा अन्य आवश्यक डिवाइस लगाने हेतु परिवहन और यातायात अमले को निर्देशित किया जावेगा।

**वाहिनी सिंह**
**पुलिस अधीक्षक डिंडोरी**''

जिनकी फिटनेश जारी किए जा रहे है. उनमे पैनिक बटन और विकल लोकलशन ट्रैकिंग डिवाईश सिस्टम लगाए जा रहे है.जो यात्री वाहन मापदंड का पालन नहीं करेंगे,उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।''

**सुरेन्द्र सिंह गौतम जिला परिवहन अधिकारी डिंडोरी**



# एसडीएम ने अमृतसरोवर आंगनबाडी और स्कूलों का किया निरीक्षण



**डिण्डौरी-**

बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामबाबू देवांगन ने अमरपुर विकास खंड अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय पडरिया रैयत, पडरिया माल और आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए माध्यान्ह भोजन और सूखा नाष्ता प्रदान करने की जानकारी ली । उन्होने इस दौरान आंगनबाडी कार्यकर्ता को गुणवत्तापूर्ण आहार प्रदान करने के निर्देष दिये । इसी तरह प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ षिक्षकों को समय पर शाला में आने और छात्रों को बेहतर षिक्षा प्रदान करने के निर्देष दिये । एसडीएम रामबाबू देवांगन ने छात्रो से सवाल करते हुए अच्छे से अध्ययन करने की सलाह भी दी । इसके साथ ही एसडीएम बरसिंघा ग्राम में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण भी किया और ग्रामींणों को मछली पालन सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं के लेने हेतु प्रेरित किया ।

# सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन लिखने के अधिकार सरपंचों को प्रदान किये जाने का विरोध

**सचिव और रोजगार सहायकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन**

**डिण्डौरी**



पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक के गोपनीय प्रतिवेदन के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत में बुधवार को पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक संगठन मोर्चा ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यमों द्वारा ज्ञात हुआ है कि मध्यप्रदेश में ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन लिखने के अधिकार ग्राम पंचायत के सरपंचों को प्रदान किये जा रहे है। इस खबर से पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों में खेद सहित रोष का माहौल व्याप्त हो गया है। ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक रूप से सचिव और ग्राम रोजगार सहायक शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को निःस्वार्थ बिना किसी के दबाव में आये आम जनमानस तक पहुंचाते है। ऐसे में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा उठाये जा रहे इस कदम से पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों के द्वारा नियमों के तहत किये जाने वाले विभिन्न कार्य दबाव में आकर प्रभावित हो सकते है। यही नहीं गोपनीय प्रतिवेदन सरपंचों के द्वारा लिखें जाने से मध्यप्रदेश की बहुतायत ग्राम पंचायतों में विवाद की स्थिति बन सकती है। उपरोक्त कारणों से यह आवश्यक है की ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन पूर्णतः शासकीय कृत्त होकर पंचायत सचिवों के एसीआर में प्रथम मत पंचायत समन्वय अधिकारी अथवा खण्ड पंचायत अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जायें एवं समीक्षाकर्ता अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और स्वीकृतकर्ता अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बनाया जाना चाहिये। ग्राम रोजगार सहायकों के लिये मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद के पत्र क. 2677 दिनांक 15.04.2017 के अनुसार वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन हेतु नियत अधिकारी पूर्ववत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को ही रखा जाना चाहिये। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन लिखने के अधिकार सरपंचों को न दिया जाकर उपरोक्तानुसार व्यवस्था किये जाने की मांग की गई है।

# सड़क चौड़ीकरण में आ रहे घर व जमीन का मुआवजा दिलाए जाने की कलेक्टर से की मांग



**डिण्डौरी**

मंडला से अमरकंटक तक सड़क चैड़ीकरण में आ रहे घर व जमीन का मुआवजा दिलाए जाने की गुहार जनपद मेहंदवानी के हर्रा टोला गांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई है। ग्राम हर्राटोला के ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख किया कि हम विगत दौ सौ वर्षो से इस गांव में निवासरत हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डला से अमरकंटक रोड चैडीकरण में हमारा घर और जमीन जो कि पट्टे की जमीन है। राष्ट्रीय राजमार्ग में आ रही है। जिसका हमें किसी भी प्रकार से सहायता राशि , मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है। हम ग्रामवासियों को तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा सहायता राशि देने का आश्वासन दिया गया था। हम लोगों की समस्या का निराकरण करते हुये सहायता राशि दिलायी जाये। आवेदन देने वालों में सुखदीन, दयानंद, शिवकुमार, झाम सिंह, हरिलाल, अभिलाष, जगदीश समेत ग्रामीण सम्मिलित रहे।

# कलेक्टर हर्ष सिंह ने राई में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

कलेक्टर हर्ष सिंह ने शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम राई का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य वितरण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों के कार्ड की जाँच कर उनसे राशन वितरण के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि राशन का वितरण समय पर किया जा रहा है। कलेक्टर ने हितग्राहियों को वितरित किये जा रहे अनाज की गुणवत्ता की जाँच की, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता की नियमित जाँच करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने केंद्र के भंडार, माप तौल, बीज वितरण, खाद उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर शासकीय योजनाओं की प्रगति का हाल जाना, साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुना और अधिकारियों को समस्याओं का निपटान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय महिला किसान दिवस का आयोजन रैली निकाल जागरूकता का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**




जिला मुख्यालय में गत दिवस पहली बार राष्ट्रीय महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। डिंडौरी में मिरेकल मिलेट्स परियोजना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुदेश परस्ते, वन संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हेतु महामहिम राष्ट्रपति महोदया से सम्मानित उजियारो बाई, कृषि विज्ञान केंद्र व कृषि अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ बैज्ञानिक श्री पीएल अंबुलकर, श्रीमती गीता सिंह, उद्यानकी विभाग एवं जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन श्री जेएस पट्टा उपस्थित रहे। समारोह में जिले के समस्त विकासखंड से 200 महिलायें उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ जनजागरूकता हेतु, आनंदम दीदी कैफै से उन्नति प्रशिक्षण केंद्र तक, एक महिला किसान रैली के तहत हुआ। जिसमे महिलाओं ने काफी उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता दिखाई। तदोपरांत, सरस्वती वन्दना कर, निवसिड संस्था के क्षेत्रीय निर्देशक विमल दुबे द्वारा सभी महिलाओं द्वारा प्रदर्शित उत्साह की सराहना करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की और वर्षों से निवसीड द्वारा संचालित कार्यों का संक्षिप्त उल्लेख किया।

आदिवासी महिलाओं ने कोदो-कुटकी की खेती, सामुदायिक विकास और वनों के संरक्षण एवं प्रबंधन पर अपना अनुभव साझा किया। आदिवासी महिलाओं प्रमुख रूप से उजियारो बाई, श्यामा बाई, रामकली बाई, रजनी मंदे, प्रीति मरावी और अन्य महिला एफपीओ प्रतिनिधि ने अपनी वास्तविक जीवन की कहानियों में अपने जीवन के सफलताओं, चुनौतियों और अभिनव समाधानों का आदान-प्रदान किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा कर उनके सफल पहल को दोहराने, सतत विकास और सामुदायिक विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण विकास के विभिन्न क्षेत्रों में स्वैच्छिक प्रयासों और सामुदायिक भागीदारी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आदिवासी महिलाओं को शाल, प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह दे कर। इसने उनके योगदान की सार्वजनिक स्वीकृति, मनोबल बढ़ाने और निरंतर भागीदारी को प्रोत्साहित करने का काम किया। कार्यक्रम के उपरांत आदिवासी महिलाओं द्वारा प्रस्तुत, 17 अलग-अलग कोदो-कुटकी से तैयार व्यंजनों का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन किया गया। जिसमें कुटकी खीर, रागी लड्डु, हलवा, कोदो खिचड़ी, रागी बर्फी, कोदो इडली, टिकिया व खुरमा आदि व्यंजन शामिल थे। इस के साथ प्रमुख रूप से आदिवासी समुदाय के पारंपरिक व्यंजन जैसे कोदो पेज, कुटकी पेज के साथ चेच भाजी भी प्रदर्शन में आकर्षण का केंद्र रहे। फूड स्टॉल ने न केवल लोगों को उत्साहित किया, बल्कि स्वस्थ भोजन, टिकाऊ कृषि प्रथाओं और भूले हुए अनाज के पुनरुद्धार के महत्व को भी रेखांकित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुदेश परस्ते ने इन स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए प्रतिभाशाली महिलाओं और इस आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों की सराहना की। इस आयोजन में पारंपरिक बीज बैंक से बीज, जैव आदान एवं किसान उत्पादक कंपनी के कृषि उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले अतिरिक्त स्टाल भी शामिल थीं। जिसमें जैव आदान संसाधन केंद्र में उपलब्ध जैविक आदनों ने श्री रुद्रेश परस्ते का ध्यान केंद्रित कर किसान से संक्षिप्त चर्चा का रूप लिया, फिर किसान द्वारा उन्हे जैव उत्पाद भेंट स्वरूप दिया गया।८ राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह ने जिलें में लघु धान्य फसल, जल-जंगल-जमीन संरक्षण एवं प्रवंधन, समुदाय विकास एवं अधिकार पर जोर दे कर जिले के महिलाओं को सशक्त किया। कार्यक्रम नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वुमन चाइल्ड एण्ड यूथ डेवलपमेंट द्वारा कृषि बिभाग, एनसीएनएफ एवं एसडीआईए संगठनों की सहयोगी संस्था प्रदान एवं कार्ड के सहयोग से जिला स्तरीय समारोह का सुचारु रूप से आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### आवासीय महिला ड्रेस डिजाइनिंग का प्रशिक्षण 1 से

**हरिभूमि न्यूज़- नरसिंहपुर।** सेंटर आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में एक नवम्बर से 30 दिवसीय आवासीय महिला ड्रेस डिजाइनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए होगा। एक बैच के प्रशिक्षण में अभ्यर्थियों की 35 सीट रहेगी। प्रशिक्षण में प्रवेश लेने के लिए आधार कार्ड (आधार कार्ड के अनुसार 18 से 45 उम्र), 5 वीं पास मार्कशीट, बीपीएल राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, एसईसीसी डाटा व 4 फोटो दस्तावेज होना आवश्यक है। इस दौरान प्रशिक्षकों को निशुल्क प्रशिक्षण सामग्री, स्टेशनरी, 3 टाइम चाय, नाश्ता, दो टाइम भोजन एवं आवासीय सुविधा प्रदान की जायेगी। प्रशिक्षण के उपरांत मुद्रा योजना के तहत हितग्राही के बैंक सेवा क्षेत्र के अनुसार स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण आवेदन निशुल्क बैंकों में भेजा जायेगा। इस संबंध में सेंटर आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सुभाष वार्ड जिला पंचायत के बाजू में कंदेली नरसिंहपुर व दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी निदेशक आरसेटी नरसिंहपुर ने दी है।

### अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ,नरसिंहपुर ।** जिले के थाना तेन्दूखेड़ा क्षेत्र में पुलिस ने करीब डेढ़ किलोग्राम अवैध गांजा जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों में सोनू पिता बाबूलाल गौड उम्र 24 साल एवं सचिन पिता रामचंद्र गौड उम्र 23 साल दोनों निवासी ग्राम इमलिया शामिल है। आरोपियों से अवैध गांजा का परिवहन करने में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई है। दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20 (बी) (पप) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया है।

### जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय कुश्ती महिला एवं पुरुष वर्ग का आयोजन शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अपर्णा चौबे प्राचार्य डॉ प्रहलाद सिंह पटेल भानुप्रताप प्रजापति क्रीड़ा अधिकारी तथा अशोक नामदेव जूडो कोच की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में आए छात्र नितिन यादव पी जी कालेज नरसिंहपुर भूपेंद्र ठाकुर आकाश लोधी ओमी विश्वकर्मा अभिषेक कुशवाहा नितिन पटेल तथा निशांत ठाकुर शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा के पहलवानों के बीच कुश्ती संपन्न हुई जिसमे से 61 किग्राम में आकाश लोधी शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा 65 किग्राम में निशांत ठाकुर शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा 70 किग्राम में नितिन यादव पी जी कालेज नरसिंहपुर 79 कि ग्राम में ओमी विश्वकर्मा शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा और 92 किग्राम में अभिषेक कुशवाहा शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ । सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।इस प्रतियोगिता में डॉ बी डी विश्वकर्मा सुश्री मनीषा वर्मा डॉ रश्मि तिवारी डॉ आदर्श चौधरी डॉ प्रशांत कुमार दीपेश ठाकुर शैलेंद्र पटेल दीपक प्रजापति अशोक अंकित पटेल नीरज प्रजापति सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

### प्रशासनिक अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान

# अधिकारियों को संचालनालय के आदेशों की नहीं परवाह

## अनियमितता : जारी हुई 15वें वित्त आयोग की राशि में झोलझाल

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा ग्राम विकास के नाम पर लाखों रुपये की राशि स्वीकृत कर लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया जाता है लेकिन प्रशासन में बैठे लापरवाह व गैर जिम्मेदार अधिकारी/ कर्मचारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरते नजर आते है ऐसा ही मामला जिले मे भी नजर आया जहां पर 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग कर्मचारियों द्वारा मनमर्जी कर ली गई। बीते दिनों संचालनालय द्वारा आदेश जारी कर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से 15 वित्त आयोग के राशि का उपयोग दूसरे मदों मे करने वाली ग्राम पंचायतों की जानकारी मांगी गई थी परन्तु जिले के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों द्वारा संचालनालय के आदेशों को दरकिनार करते हुये कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई। जिले की अनेको ग्राम पंचायतों द्वारा 15 वें वित्त आयोग की राशि को दूसरे मद मे उपयोग किया गया। आयोग द्वारा बीते दिनों उक्त संबंध संचालनालय द्वारा आदेश किया गया था लेकिन जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के कानों मे जूं नही रेंगी। 15 अक्टूबर को संचानालय द्वारा पुनः आदेश देकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

### मामला इस प्रकार

बीते दिनों जिले के जागरूक नागरिक द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर को लिखित आवेदन देकर 15वें वित्त आयोग की राशि मे की गई अनियमितता की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। शिकायत मे बताया गया कि जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों द्वारा संचालनालय के आदेश को दरकिनार कर 15 वें वित्त आयोग की राशि का उपयोंग 14 वें वित्त तथा पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम ये राशि का व्यय किया गया। जबकि उक्त राशि का व्यय ग्राम विकास व जीपीडीपी/बीपीडीपी स्वच्छता तथा पेयजल गतिविधियों मे किया जाना था। पंचायतों द्वारा पंचायत राज संचालनालय के आदेशों को दरकिनार करते हुये उपयोग किया गया है। लेकिन जिले के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई जो चिंता का विषय है।


अति-महत्वपूर्ण

पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश


हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Jabalpur Narmada Bhoomi.pdf - 09 Aug 2024 - Page 4

संचालनालय के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

15 वें वित्त आयोग की राशि के व्यय मे अनियमित्ता

### ये था राशि का उपयोग

संचनालय के द्वारा जारी किये गये आदेश मे उल्लेख किया गया है कि 15 वें वित्त आयोग की राशि को उपायोग 50 प्रतिशत राशि पेयजल व स्वच्छता पर खर्च होगी इसमें पेयजल के लिए तालाब निर्माण, नवीन कूप निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, सोख्ता गड्ढा, पेयजल कूप गहरीकरण व मरम्मत, पेयजल के लिए भू-स्तर टंकी का निर्माण, पेयजल पाइप लाइन का विस्तार, घाट की पुताई, साफ-सफाई, कचरा संग्रहण केंद्र स्थापित, चेक डेम का सुधार का जैसे कार्य शामिल हैं। एक साल में मिलने वाली 50 प्रतिशत राशि से गांव में आबादी क्षेत्र को जोड़ने के लिए सीसी रोड, नाली, यात्री प्रतिक्षालय, पेयजल व्यवस्था, पुलिया, रपटा, पुस्तकालय भवन, कांजी हाउस, स्ट्रीट लाइट के लिए एलइडी, बाउंड्रीवाल का निर्माण - सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, कब्रिस्तान, शमशान, आंगनवाड़ी केंद्र बनाने का प्रावधान शामिल है। लेकिन इसके विपरीत जिले की ग्राम पंचायतों द्वारा राशि के व्यय मे नियमों को दरकिनार कर राशि का व्यय किया जा रहा है ।

### ये थे संचालनालय के आदेश

पंचायत राज संचानालय द्वारा जारी किये गये आदेश मे उल्लेख किया गया है कि 15 वित्त आयोग की राशि का उपयोग ग्राम विकास मे किया जाना है तथा राशि उपयोग के बाद मॉनिटरिंग कर संचालनालय को अवगत भी कराया जाना था जारी आदेश मे बताया गया है कि ग्राम पंचायतवार टाईड मद के अंतर्गत जीपीडीपी बीपीडीपी में स्वच्छता एवं पेयजल संबंधी गतिविधियों का परीक्षण करें। टाईड मद अंतर्गत अनुमत्य कार्य ही प्लान में होना चाहिए। इन कार्यों के प्रारंभ होने से लेकर पूर्ण होने एवं राशि व्यय की मॉनिटरिंग करें। 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत राशि के उपयोग के आधार पर एमओपीआर द्वारा अनुदान जारी किया जाता है। इस मद की राशि 14वें वित्त या पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से व्यय करने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर राशि ग्राम पंचायत के खाते में जमा करावें एवं उनकी जानकारी पंचायत राज संचालनालय को प्रेषित करें। प्रत्येक ग्राम पंचायत की चेकर, मेकर की डीएससी एक्टिवेट अवस्था में होना चाहिए एवं मंथ बुक, ईयर बुक क्लोज करने की कार्यवाही समय पर होना चाहिए। जिन ग्राम पंचायतों ने 14वें वित्त या पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से राशि व्यय की है, उनकी जानकारी पंचयत राज संचालनालय को प्रेषित करने के लिये 15 अक्टूबर को पुनः आदेशित किया गया है। आदेश मे उल्लेख है कि जिले के अंतर्गत ऐसी पंचायतें जिन्होंने इस प्रकार का कृत्य किया है उन पंचायती में जिला स्तर से टीम गठित कर जांच की जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये तथा वास्तविक आय एवं व्यय की जानकारी पंचायत राज संचालनालय को हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में तत्काल प्रेषित करें।

### इनका कहना है

उक्त संबंध में आपके द्वारा जानकारी दी गई है उक्त मामले की उच्च अधिकारियों से जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई कराई जावेगी।

**जालम सिंह पटेल,**
**पूर्व राज्य मंत्री**

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, मां बेटी को दी थी लिफ्ट



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र सुआतला पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को सागर जिले के ग्राम बेलढाना से गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सुआतला थाना क्षेत्र में सिवनी जिले की निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, घटना 19 अक्टूबर की है जब मां और बेटी नरसिंहपुर जाने के लिए सुआतला थाना अंतर्गत राजमार्ग चैराहे पर बस का इंतजार कर रही थी। उसी समय एक बाइक सवार युवक पहुंचा और उसने मां-बेटी को नरसिंहपुर छोड़ने की पेशकश की। मां और बेटी उसकी बाइक पर सवार हो गईं। पहले उसने मां को बरमान चैराहे पर उतारा, फिर बेटी से कहा कि वह उसकी बाइक पर रखी बोरी को पहले घर तक पहुंचा दे। जब युवती बोरी लेकर उसके घर पहुंची, तो आरोपी ने वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने वापस लौटकर अपनी मां को इस घटना की जानकारी दी। मां-बेटी ने तुरंत सुआतला थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस टीम ने बुधवार को सागर जिले के बेलढाना गांव से आरोपी को पकड़ लिया। मामले को लेकर जिले की एसपी मृगाखी डेका ने कहा कि गंभीर अपराध के आरोपी यदि खुले में घूमते हैं, तो यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और कानूनी प्रक्रिया जारी है। पुलिस द्वारा इस मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## जनसुनवाई के दौरान शासकीय दस्तावेजों को फाड़ने की घटना, सचिव ने की शिकायत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस सरपंच संघ एवं सचिव व रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिला पंचायत सीईओं एवं एस पी के नाम ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन मे बताया गया कि ग्राम पंचायत इमलिया कल्याणपुर में पंचायत सचिव और सरपंच ने जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण जगमोहन कौरव पर शासकीय दस्तावेजों को फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है, सरपंच संघ के पदाधिकारी ने बताया कि मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जगमोहन कौरव पंचायत भवन में पहुंचा और सचिव से दस हजार रुपये की मांग करने लगा, यह कहते हुए कि दीपावली आ रही है और उसे पैसे चाहिए। इससे पहले भी उसने 12 हजार रुपये सरपंच से मोबाइल के लिए ले चुका था। बार-बार पैसे मांगने पर दोनों के बीच विवाद हुआ। जब सचिव दिनेश कौरव ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने कार्यालय में रखे सरकारी दस्तावेजों को फाड़ दिया। इसके बाद उसने सचिव को जान से मारने की धमकी दी और अपनी पत्नी के जरिए फर्जी मामले में फंसाने की बात कही। सचिव दिनेश कौरव ने जगमोहन पर पहले से कई बार झूठी शिकायतें करने और पंचायत से अनाप-शनाप मांगें रखने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जगमोहन ग्राम में सट्टा और जुए जैसे अवैध कार्यों में भी संलिप्त है। इस घटना की सूचना जिला सरपंच, सचिव संघ और जिला सहायक सचिव संघ ने एसपी और जिला पंचायत के सीईओ को दी है। सचिव संघ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक से उचित कार्यवाही की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यदि प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही की जाती तो कर्मचारी कलम बंद हड़ताल करेंगे।

# शिक्षकों का चार दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधि एवं शालेय गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में नव नियुक्त उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों का शाला में पदभार ग्रहण के पूर्व चार दिवसीय जिला स्तरीय इंडक्शन प्रशिक्षण का शुभारंभ डाइट सभाकक्ष में हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, योजना अधिकारी जी के नायक, एपीसी समग्र शिक्षा दीपक अग्निहोत्री की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण में 76 नव नियुक्त उच्च माध्यमिक शिक्षकों के इंडक्शन प्रशिक्षण में स्वामी विवेकानंद, रानी लक्ष्मीबाई व शिवाजी ग्रुप बनाये गये हैं। प्रशिक्षण में प्री टेस्ट के उपरांत मास्टर ट्रेनर प्राचार्य एसके मिश्रा, राजीव किशोर श्रीवास्तव, डॉ. अशोक उदेनिया, सचिन नेमा, मुकेश दुबे व एलपी गिरदोनिया द्वारा प्रशासनिक के 12 बिंदुओं, विभाग एवं संचालनालय अंतर्गत संचालित योजना, अकादमिक के 9 बिंदुओं पर विस्तार से प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री व्यौहार ने प्रशिक्षण का उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत आप सभी नव नियुक्त विद्यालय में किए जाने प्रत्येक कार्य सुगमता से कर सकें। योजना अधिकारी श्री नायक ने कहा की विद्यालय में छात्र- छात्राओं के शैक्षणिक व शालेय स्तर की गतिविधियों में दक्ष होकर कार्य करने में सक्षम होना प्रशिक्षण की सार्थकता है। एपीसी श्री अग्निहोत्री ने कहा कि यह प्रशिक्षण आपकी विद्यालय की सभी विधाओं में सहायक है, जिसे पूर्ण मनोयोग के साथ आत्मसात करें। इस अवसर पर कंप्यूटर ऑपरेटर सुमित झारिया, अनुराग चौहान, हरिनारायण सोनी और प्रशिक्षु मौजूद थे।



# शक्तिहीन राष्ट्र कभी भी अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं कर सकता

### संचलन के दौरान मुख्य वक्ता ने कहा

**तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने कार्य विस्तार की दृष्टि से मंडल केंद्रों पर पथ संचलन आयोजित कर रहा है।इसी श्रंखला के चलते विगत दिवस ग्राम रीछई मे मंडल स्तरीय पथ संचलन आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तेंदूखेड़ा खंड के खंड कारवाह श्री राजकुमार पटेल मुख्य अतिथि। प्रहलाद जी एवं माखन जी उपस्थित रहे ।एकल गीत एवं अमृत वचन के बाद मुख्य वक्ता राजकुमार पटेल ने संघ पृष्ठभूमि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वह संगठन है जिसे सकल हिंदू समाज बड़ी आसान्वित नजरों से देख रहा है। विश्व में कहीं भी यदि हिंदुओं पर कोई बात आती तो सबसे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक ही आगे आते हैं ।संपूर्ण देश में संघ शाखों के माध्यम से शक्ति संचय का कार्य कर रहा है ।और शक्ति का संचय हिंदू समाज के उत्थान के लिए ही है ।शक्तिहीन राष्ट्र कभी अपनी आकांक्षाओं को पूर्ति नहीं कर सकता जिसका उदाहरण हम अपने पड़ोसी देशों के रूप में देख रहे हैं ।जो आजाद तो हमारे साथ हुए थे किंतु आज उनकी आर्थिक स्थिति किस हाल में है। यह किसी से छुपी नहीं है संघ के स्वयंसेवक अपने कार्यों के माध्यम से समाज विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं चाहे वह सेवा का क्षेत्र शिक्षा का क्षेत्र वनवासी कल्याण का विषय समय-समय तो पढ़ने वाली आपदाओं में भी स्वयंसेवक तन मन धन से सहयोग करता है ।आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है समाज की संघ से अपेक्षाएं भी बड़ी है और संघ उनको पूर्ति करने में स्वयंसेवकों के माध्यम से प्रयास भी कर रहा है ।इस देश में कुछ विघटनकारी शक्तियां राष्ट्र विरोधी कार्यो में भी लगी हुई है जो कि हिंदू समाज को जातिगत जहर घोलकर कमजोर करना चाहती हैं। हमें सामाजिक समरसता के माध्यम से ऐसे समस्त भाव को खत्म करके एक सशक्त हिंदू राष्ट्र खड़ा करना है ।जिसमें प्रत्येक स्वयंसेवक अपनी भूमिका का निर्माण करना होगा विजयदशमी उत्सव संपूर्ण देश में मनाया जाता है संघ का भी उत्सव है बुराइयों का विनाश करके हम सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े। संगठन को मजबूत करें एवं भारत माता को परम वैभव पर पहचाने के लिए कार्य करें।



# गौशाला परियोजना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला पशु कल्याण समिति एवं जिला स्तरीय गौशाला परियोजना समन्वयक समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने जिला पशु चिकित्सालय नरसिंहपुर में उपचार व जल आपूर्ति के लिए पशु कल्याण निधि से परिसर में ट्यूबवेल खनन कराने,एमव्हीयू वाहन का भार अधिक होने के कारण वाहन में विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न होने पर विचार कर आवश्यक कदम उठाने, जिला एमव्हीयू के कार्यालयीन उपयोग के लिए कम्प्यूटर व स्टेशनरी भी पशु कल्याण निधि से क्रय करने के निर्देश समिति के सचिव सह उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. असगर खान को दिये। इसके अलावा जिले की संस्थाओं में तरल नत्रजन व सीमन सप्लाय के लिए नवीन पिकप लोडिंग वाहन जिला पशु कल्याण निधि से क्रय करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने जिले की एमजीएसवाय गौशालाओं में क्षमता के अनुरूप एक सप्ताह में 100 पशु प्रति गौशाला में निराश्रित गौवंश विस्थापित करने के लिए जनपद सीईओ व नगरीय निकाय से समन्वय कर सभी पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया। जिले की 6 गौशालाओं के लंबित पंजीयन की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश भी बैठक में दिये। एमव्हीयू द्वारा निराश्रित पशुओं के उपचार की व्यवस्था तुरंत की जाये। कलेक्टर ने विकासखंड सांईखेड़ा में एमव्हीयू द्वारा कम केस अटेंड होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। पशु कल्याण की वर्तमान दरों के पुनिरीक्षित कर अनुमोदन दिया गया।

कलेक्टर ने एनआरएलएम की समूहों द्वारा चलाई जा रही गौशालाओं में गोबर के कंडे निर्माण, गौकाष्ट और वर्मीकम्पोस्ट आदि बनाये जाने की संभावनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने अवगत कराया कि शीघ्र ही 8 गौशालाओं का भी निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। कलेक्टर ने सड़कों पर विचरण कर रही गौवंश को विस्थापित करने के निर्देश नगर पालिका, नगर पंचायत व नगर परिषदों को दिये। यह कार्य संबंधित ग्राम पंचायत की गौशालाओं को पूर्व में सूचित कर तदुपरांत किया जावे। बैठक में पीओ मनरेगा, ईईपीएचई, सहायक संचालक कृषि, एनआरएलएम, सीएमओ नगर पालिका नरसिंहपुर और पशु चिकित्सक मौजूद थे।

**पुलिस की नई पहल**

# अनुभाग स्तर के थानों में लंबित मामलों की सुनवाई कर किया जा रहा निराकरण



**तेंदूखेड़ा।** जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका ने एक नवाचार प्रस्तुत करते हुए जिले के अंतर्गत आने वाले सभी थानों के लंबित मामलों के निराकरण की दिशा में स्वयं अनुभाग स्तर के थानों में पहुंच कर लंबित मामलों की सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया जा रहा है। बुधवार को तेंदूखेड़ा पुलिस थाने पहुंचकर तेंदूखेड़ा सुआतला पलोहा बरमान चौकी के अंतर्गत पुलिस से संबंधित विभिन्न लंबित मामलों को निराकरण की दिशा में नई पहल करते हुए लोगों को सुना तथा उनके निराकरण आपसी सामाजस्य पूर्ण तरीके मिल बैठकर किये जाने की बात कही। जिसमें बड़ी संख्या में फरियादी थाने पहुंचे सर्वाधिक मामले सुआतला पलोहा पुलिस थाने से आये। तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र से मात्र आठ लंबित मामले ही सामने आये । पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि शीघ्र ही माननीय जिला मजिस्ट्रेट कलेक्टर महोदया एवं पुलिस संयुक्त रूप से पुराने पारिवारिक लंबित मामले मिल-बैठकर हल करने की भी मुहिम चलायेगी। उन्होंने क्षेत्र की वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाये जाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की।इस मौके पर तेंदूखेड़ा अनुभाग से जुड़े सभी थानों के पुलिस अधिकारी एवं फरियादी उपस्थित थे।

